दैनिक
न्याय साक्षी



## चक्रधर समारोह 2024 - चतुर्थ संध्या

# अनिता शर्मा के गणेश वंदन से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

**रायगढ़ घराने की प्रख्यात कत्थक नृत्यांगना मां-बेटी की जोड़ी ने कत्थक नृत्य की दी मनमोहक प्रस्तुति**

**❑ मां गंगा के धरती पर अवतरण का किया जीवंत प्रदर्शन**

रायगढ़



रायगढ़ में हो रही चक्रधर समारोह-2024 के चौथी संगीत संध्या में रायगढ़ की अनिता शर्मा ने भगवान गणेश वंदन घर में पधारो गजानन जी सामूहिक भक्ति गीत गायन व जयकारे के साथ भक्तिमय माहौल में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उनके सुमधुर प्रस्तुति नगरी हो अयोध्या की ... रघुकुल का घराना हो गीत से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। मौके पर उन्होंने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत की प्रस्तुति दे रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रायगढ़ कत्थक नृत्य को बासंती वैष्णव और ज्योतिश्री बोहिदार ने दी है विशेष पहचान

रायगढ़ कत्थक घराने की प्रख्यात कत्थक नृत्यांगना बासंती वैष्णव और ज्योतिश्री बोहिदार मां-बेटी की जोड़ी ने कत्थक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। चक्रधर समारोह के अवसर पर आज मां-बेटी की जोड़ी द्वारा मां गंगा के धरती पर अवतरण का जीवंत प्रदर्शन ठा.गजमड़ी सिंह जी की रचना के माध्यम से कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। रायगढ़ घराने के कत्थक को बासंती वैष्णव द्वारा चीन, फ्रांस, जापान, दुबई जैसे कई देशों में प्रस्तुत कर गौरवांवित किया गया है। इसी प्रकार ज्योतिश्री बोहिदार द्वारा भी स्पेन, नेपाल, दुबई जैसे कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रायगढ़ घराने के मनमोहक कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी जा चुकी है। उनके द्वारा आज चक्रधर समारोह में विशुद्ध रूप से रायगढ़ घराने के कत्थक शैली में अंग एवं भाव संचालन के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी गई। ज्योतिश्री बोहिदार रायगढ़ घराने की तीसरी पीढ़ी की कत्थक नृत्यांगना है और वे वर्तमान में पं. राजेंद्र के पास शिक्षा प्राप्त कर रही है। भारतीय संगीत और नृत्य शास्त्र इन जैसे कलाकारों से ही संपन्न होता है। प्रख्यात कत्थक नृत्यांगना बासंती वैष्णव और ज्योतिश्री बोहिदार की टीम में बेहतरीन तबला वादक, बांसुरी, मुजिकल आदि द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई।



### ग्रैमी अवार्ड विजेता राकेश चौरसिया ने बांसुरी वादन की दी मनमोहक प्रस्तुति



ग्रैमी अवार्ड विजेता राकेश चौरसिया ने बांसुरी वादन के मनमोहक प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। राकेश चौरसिया ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे हैं। वादन सहयोगी रूपक भट्टाचार्य के साथ बांसुरी वादन की सुमधुर स्वर प्रस्तुति दी। राकेश चौरसिया ने स्वर और ताल के बेहतर संयोजन के साथ मानवीय भावनाओं को कुशलता से व्यक्त करती हुई राग हेमावती की अद्भुत प्रस्तुति दी।

## अकॉर्डियन की सुरीली धुनों से सजी शाम, तपसीर मोहम्मद एंड टीम की रही शानदार प्रस्तुति

**❑ 8 साल से 77 साल उम्र के कलाकारों ने एक साथ दी प्रस्तुति**

**❑ चक्रधर समारोह में पहुंचे विदेशी कलाकारों ने किया रोचक मंच संचालन**



चक्रधर समारोह की चौथी शाम अकॉर्डियन की सुरीली धुनों से ये शाम सजी। रायपुर से पहुंचे तपसीर मोहम्मद और उनकी टीम ने कई प्रसिद्ध गीतों की इंस्ट्रूमेंटल प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की खासियत रही की इसमें 8 वर्ष की नन्ही कलाकार से लेकर 77 साल के लीजेंड कलाकार तपसीर मोहम्मद ने साथ मिलकर ऐसा कार्यक्रम पेश किया कि श्रोताओं की वाहवाही उन्हें पूरे कार्यगिम के दौरान मिलती रही। जीना यहां मरना यहां इसके सिवा जाना कहां, आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, अजी ऐसा मौका फिर कहां मिलेगा.. एन इवनिंग इन पेरिस, गुलाबी आंखे जो तेरी देखीं जैसे गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी।

**जब चक्रधर समारोह के मंच पर पहुंचे अफ्रीकी कलाकार, कहा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया**

चक्रधर समारोह के मंच पर आज एक अनोखा नजारा दिखा। जब एकॉर्डियन वादन की एंकरिंग करने मंच पे अफ्रीकी कलाकार पहुंचे। जिसे देखकर दर्शक भी कौतूहल से भर उठे। साउथ अफ्रीका से पहुंचे जी रेक्स और क्रोनी हॉनिड दर्शकों को कार्यक्रम का ब्यौरा देते रहे। जिसका सुनने वालों ने खूब लुत्फ उठाया। अपने बीच विदेशी कलाकारों को पाकर श्रोताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

## नीत्या खत्री की कथक प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समा बांध दिया



कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में नीत्या खत्री की कथक प्रस्तुति ने भाव-भंगिमाओं और मुद्राओं ने पूरे कार्यक्रम में समा बांध दिया। नित्या खत्री रायगढ़ घराने के भूपेन्द्र बरेठ कत्थक नृत्य से शिक्षा प्राप्त कर रही है। कथक शब्द का उदभव कथा शब्द से हुआ है जिसका शाब्दिक अर्थ है कथा कहना। यह नृत्य मुख्य रूप से उत्तरी भारत में किया जाता है। कथक नृत्य शैली में विशेष रूप से रायगढ़ घराना, लखनऊ घराना, जयपुर घराना प्रसिद्ध है। कथक नृत्य की प्रस्तुति से पहले उन्होंने कहा कि मैं आज जो भी ही अपने गुरू की वजह से। उन्होंने इस मंच पर प्रस्तुति प्रदान के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित की।

## कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 11 एवं 12 सितम्बर को

**❑ रामलीला मैदान में होगा पहलवानों के बीच दंगल**

रायगढ़

39वॉं चक्रधर समारोह 2024 के अवसर महिला एवं पुरूषों के अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 11 एवं 12 सितम्बर को रामलीला मैदान, रायगढ़ में होगा। पहले दिन 11 सितम्बर को कुश्ती प्रतियोगिता दोपहर 2 बजे से शुरू होगा जो शाम 5.30 बजे तक चलेगा। इसी तरह दूसरे दिन 12 सितम्बर को प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 5.30 बजे तक चलेगा। जिला प्रशासन द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता के लिए सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

अखिल भारतीय पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता में 50 से 56 किलो ग्राम वजन, 57 से 64,, 65 से 75 एवं 76 से 110 किलो ग्राम वजन के पहलवान शामिल होंगे। इसी तरह अखिल भारतीय महिला कुश्ती प्रतियोगिता में 48 से 55 किलोग्राम वजन, 55 से 62, 62 से 68 तथा 68 से 76 किलोग्राम वजन के महिला पहलवान शामिल होंगी। राज्य स्तरीय पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता में 48 से 54 किलोग्राम वजन, 54 से 60, 60 से 68 एवं 68 से 80 किलो ग्राम वजन तथा राज्य स्तरीय महिला कुश्ती प्रतियोगिता में 50 से 55 किलो ग्राम वजन, 55 से 65 तथा 62 से 72 किलोग्राम वजन की महिला पहलवान शामिल होंगी।

कुश्ती प्रतियोगिता में छत्रसाल अखाड़ा नई दिल्ली, रायपुरा कुश्ती एकेडमी (नेवी) हरियाणा, सुशील कुमार कुश्ती एकेडमी हिसार हरियाणा, चौधरी चरण सिंह अखाड़ा मेरठ, कर्नाटका व्यायाम शाला कर्नाटक, मेहर सिंह अखाड़ा रोहतक, मास्टर चांदगीराम अखाड़ा दिल्ली, महाराष्ट्र कुश्ती संघ पुणे एवं गोवा कुश्ती एकेडमी गोवा के महिला एवं पुरूष पहलवान शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता के संचालन के लिये अंतराष्ट्रीय रेफरी अजीत मानदीपक चाहर, जशबीर सिंह ढ़ाका एवं महिला रेफरी प्रतिभा दुबे भी उपस्थित रहेंगी।

**11 सितम्बर को अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि प्रस्तुत करेंगी भरतनाट्यम, सुश्री उपासना भास्कर का होगा कथक नृत्य, अनुष्का सोनी सितार पर देंगी प्रस्तुति, लोक एवं सूफी गायन की प्रस्तुति देंगे राकेश एवं निशा**

39 वां चक्रधर समारोह के पांचवे दिन 11 सितम्बर को मुम्बई की प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि भरतनाट्यम पर प्रस्तुति देंगी। वहीं रायगढ़ की सौम्या नामदेव एवं दीपमाला सिंह कथक तो विधि सेनगुप्ता ओडिसी नृत्य प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम में जबलपुर की अनुष्का सोनी का होगा सितार वादन, धमतरी से आ रही उपासना भास्कर कथक (समूह नृत्य)पर प्रस्तुति देंगी। इसी तरह रायगढ़ के राकेश शर्मा, निशा शर्मा का लोक एवं सूपी गायन होगा।

## शास्त्रीय संगीत भावों और रागों का है खूबसूरत संगम




दिल्ली के शिव प्रसाद राव शास्त्रीय गायन पर अपनी प्रस्तुति दे रहे है। शास्त्रीय संगीत भावों और रागों का खूबसूरत संगम है। पंडित शिव प्रसाद आकाशवाणी दूरदर्शन सहित विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां दे चुके हैं। शास्त्रीय गायन की शुरुआत वैदिक काल से हुई। शास्त्रीय संगीत की दो पद्धतियां हैं हिंदुस्तानी संगीत और कर्नाटक संगीत। पंडित शिव प्रसाद की शिक्षा दीक्षा कटक में हुई हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन में विशेष रुचि के कारण ग्वालियर शास्त्रीय घराने से उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया। हिंदुस्तानी संगीत में ध्वनि के प्रधानता होती है जबकि कर्नाटक संगीत में भाव की प्रधानता होती है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 941.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 10 सितम्बर तक 941.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 25.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1180.8 मिली मीटर, पुसौर में 1030.5, खरसिया में 906.7, घरघोड़ा में 1015.4, तमनार में 869.4, लैलूंगा में 793.6, मुकडेगा में 854.7, धरमजयगढ़ में 828.9 छाल में 961.3 एवं कापू में 976 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### पंचायत सचिव अशोक चौहान निलंबित

**रायगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ जितेन्द्र यादव ने जनपद पंचायत घरघोड़ा, ग्राम पंचायत बैहामुड़ा के पंचायत सचिव अशोक चौहान को भारतीय दण्ड विधान संहिता के तहत थाना प्रभारी थाना घरघोड़ा में आरोप पंजीबद्ध होने के कारण पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराये जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत घरघोड़ा निर्धारित किया गया है।

### स्कूलों में 11 सितम्बर को होगा निशुल्क आयुष्मान पंजीयन शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले के स्कूलों में 11 सितम्बर को निशुल्क आयुष्मान पंजीयन महाअभियान शिविर आयोजित किया जाएगा। बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम कोरकोटी, मोहतरा, जोगेसरा, बघमल्ला और सारंगढ़ के म्युनिसिपल स्कूल सहित सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम नुनपानी, गुडेली, तामनडीह, जसरा, उच्चभिठ्ठी, सुलोनी, कटेली, झरपडीह, पाट के शासकीय स्कूल में निशुल्क आयुष्मान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुरु द्रोण मॉडल स्कूल बरमकेला सहित बरमकेला ब्लॉक के ग्राम तौसीर, कर्राकोट, सांकरा, जनकपुर, साल्हेओना, नौघटा, विष्णुपाली, विजयपुर, बोरे और रिसोरा के शासकीय स्कूल में निशुल्क आयुष्मान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## विश्व साक्षरता दिवस : जेल एवं बाल संप्रेक्षण गृह में हुआ वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता

रायगढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के निर्देशानुसार एवं सचिव अंकिता मुदलियार के नेतृत्व में जिला जेल रायगढ़ एवं बाल संप्रेक्षण गृह रायगढ़ में विश्व साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में विधिक साक्षरता शिविर के साथ-साथ वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिला जेल रायगढ़ में अभिरक्षाधीन बंदियों तथा बाल संप्रेक्षण गृह रायगढ़ के विधि उल्लंघनकारी बालकों द्वारा बहुत ही उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया।

जिला जेल रायगढ़ में वाद-विवाद प्रतियोगिता में कुल 10 अभिरक्षाधीन बंदियों ने भाग लिया एवं निबंध प्रतियोगिता में भी अभिरक्षाधीन बंदियों का उत्साह देखते ही बना इसमें 20 बंदियों ने विभिन्न विषयों में भाग लिया। जिसमें अभिरक्षाधीन बंदियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी के साथ बाल संप्रेक्षण गृह में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विधि उल्लंघनकारी बालकों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला जेल रायगढ़ में प्रधान जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन, मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार साहू, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ अंकिता मुदलियार एवं चीफ, लीगल एंड डिफेन्स कौंसिल रायगढ़ विवेक मिश्रा, असिस्टेंट लीगल एंड डिफेन्स कौंसिल रायगढ़ रविन्द्र कुमार साव उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया एवं आगामी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया एवं निरूद्ध समस्त बंदियों को जीवन में अच्छे कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

इसी प्रकार बाल संप्रेक्षण गृह में देवाशीष ठाकुर प्रधान पाठक किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ ने विधि से संघर्षरत बालकों का उत्साहवर्धन किया और आगामी जीवन में शिक्षा के प्रति सजग रहने एवं अपराधों से दूर रहने हेतु प्रोत्साहित किया एवं प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरण किया।

## आंगनबाड़ी सहायिका के पद हेतु मंगाए गए आवेदन की तिथि में वृद्धि

**अब 13 सितम्बर तक जमा कर सकते है आवेदन**

रायगढ़

बाल विकास परियोजना लैलूंगा एवं मुकडेगा के एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के 72 पदों हेतु 10 सितम्बर 2024 तक आवेदन मंगाए गए थे। उक्त तिथि में अब वृद्धि करते हुए 13 सितम्बर सायं 5 बजे तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका सीधे अथवा पंजीकृत डॉक से बंद लिफाफा में आवेदन जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## ग्राम लिबरा में तलवार लहराने वाला युवक गिरफ्तार, तमनार पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्यवाई

रायगढ़



09 सितंबर के दोपहर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लिबरा में एक युवक, हाथ में लोहे की तलवार लेकर लोगों को डरा रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही पुलिस टीम को सतर्क किया और तुरंत मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया।

थाना प्रभारी के निर्देशन पर सहायक उप निरीक्षक सुरतीलाल सिदार, आरक्षक पुरुषोत्तम सिंह और पुष्पेंद्र कुमार ने बिना किसी देरी के ग्राम लिबरा में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। ग्राम लिबरा के हाई स्कूल के पास सुरेन्द्र राठिया को तलवार लहराते हुए पाया गया। पुलिस टीम ने साहसिक तरीके से आरोपी युवक को घेरकर उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से धारदार तलवार, जिसमें मूठ लगा हुआ था, जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र राठिया ऊर्फ मुन्ना पिता स्व0 नान कन्हाई राठिया उम्र 21 वर्ष साकिन लिबरा को तुरंत थाने लाकर उससे पूछताछ की और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज किया। इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से स्थानीय निवासियों तमनार पुलिस की प्रशंसा की। एसपी दिव्यांग पटेल के कुशल मार्गदर्शन और निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकर के नेतृत्व में तमनार पुलिस, अपराधों पर कड़ी नजर रखे हुए है और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# संस्थाओं की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण, प्राथमिकता से करें कार्य -कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

**0 संस्थाओं में आने वाले बच्चों का आधार कार्ड अपडेशन के साथ बनाए आयुष्मान कार्ड**

**0 चाइल्ड हेल्प लाइन के संबंध में जागरूक करने के दिए निर्देश**

**0 कलेक्टर गोयल ने ली जिला बाल संरक्षण समिति एवं सखी वन स्टॉफ सेंटर की संयुक्त त्रैमासिक समीक्षा बैठक**

रायगढ़




कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित जिला बाल संरक्षण समिति एवं सखी वन स्टॉफ सेंटर के संचालन समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने जिला बाल संरक्षण समिति के माध्यम से जिले में संचालित 8 बाल गृह संस्थाओं के कार्यो एवं गतिविधियों की समीक्षा की। कलेक्टर गोयल ने कहा कि संचालित सभी देख-रेख संस्थाओं में स्थायी एवं अस्थायी रूप से आने वाले बच्चों का रजिस्टर में एन्ट्री के साथ ही आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड की एन्ट्री भी करें। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों के साथ ही उनके पालकों को ट्रेस करें एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने सभी संस्थाओं को कहा कि इन कार्यों में आपकी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण हो जाती है। अत: जिम्मेदारी पूर्वक अपना कार्य करें। कलेक्टर गोयल ने आयुष्मान, आधार एवं राशन कार्ड हेतु ईडीएम तथा खाद्य अधिकारी को नोडल बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि घुमंतू बच्चों में स्वास्थ्य से संबधित विभिन्न प्रकार की समस्याएं होती है। यहीं कारण है कि बच्चों का प्राथमिकता के साथ स्वास्थ्य परीक्षण करें। इसके लिए पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बाल गृह में आने वाले नवजात एवं दिव्यांग बच्चों की समीक्षा की।

उन्होंने सभी संस्थाओं को बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगों के यूडीआई कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने मिशन वात्सल्य अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के पुलिस सत्यापन की समीक्षा करते हुए कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी संस्थाएं अपने कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन अतिशीघ्र करवाएं। कलेक्टर गोयल ने किशोर न्याय बोर्ड में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बाल सम्प्रेक्षण गृह रायगढ़ में जेएसपीएल फाउण्डेशन द्वारा बालकों को दिए गए प्रशिक्षण की सराहना भी की।

कलेक्टर गोयल ने सखी वन स्टॉप सेन्टर के कार्यो की भी समीक्षा की। सखी सेंटर द्वारा बताया गया कि सखी वन स्टाप सेंटर रायगढ़ में 10 मार्च 2017 से अब तक कुल 1746 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें से 1711 प्रकरण निराकृत किया गया है एवं 33 प्रकरण लंबित है। इसी प्रकार मानसिक रूप से विक्षप्त महिलाओं को इलाज हेतु भर्ती एवं स्वस्थ होने के पश्चात सखी सेंटर में लाकर पतासाजी कर परिजनों को सौंपा गया हैं, साथ ही 54 प्रकरणों में पुर्नवासित किया जा चुका है। सखी वन स्टॉप सेंटर के निर्माणाधीन भवन के संबध में चर्चा की गई। सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा सेवा प्रदाताओं के साप्ताहिक अवकाश के संबंध में समिति के समक्ष चर्चा की। जिस पर कलेक्टर गोयल ने सर्व सहमति से इस वितीय वर्ष के लिए अनुमति प्रदान की।

**चाइल्ड हेल्पलाइन के सबंध में करें जागरूक-** कलेक्टर गोयल ने मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिले में संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 में अब तक की दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक कुल 40 प्रकरण हस्तक्षेप किया गया है। जिस पर कलेक्टर गोयल ने चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 के संबंध में जन सामान्य को जागरूक करने के साथ ही बसों, बस स्टैण्ड एवं रेलवे स्टेशन में चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 के पम्पलेंट चस्पा करने हेतु महिला बाल विकास विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने बच्चों के सुरक्षा से संबंधित आरपीएफ एवं जीआरपी हेतु आवश्यक कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

**स्पॉन्सरशिप योजना से करें लाभान्वित-** कलेक्टर गोयल ने स्पॉन्सरशिप योजना की समीक्षा की। जिस पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 34 बच्चे को स्पॉन्सरशिप योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। जिस पर कलेक्टर गोयल ने कहा कि यह योजना उन बच्चों के लिए काफी महत्वपूर्ण है, जो अत्यंत गरीब है अथवा जिनके पालक नहीं है। उनको इस योजना के माध्यम से अधिकाधिक जोड़ते हुए आर्थिक रूप से लाभान्वित करें। जिससे वे अपने पढ़ाई से लेकर छोटी-बड़ी जरूरत को आसानी से पूरा कर सके।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480